भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 09.08.2024

## आरेडिका में 89वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप की रंगारंग शुरुआत

दिनांक 09.08.2024 से 11.08.2024 तक आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में चलने वाले 89वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप की आज दिनांक–09.08.2024 को रंगारंग शुरुआत हुई इस एथलेटिक चैंपियनशिप में 15 रेलवे जोन , 6 प्रोडक्शन यूनिटों, आरपीएफ, आरडीएसओ, एवं रेलवे बोर्ड सहित 24 टीमों में कुल 400 से अधिक खिलाड़ी तथा ऑब्जर्बर, टेक्नीकल ऑफिशियल, एथलेटिक फेडरेशन एवं रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के 180 पदाधिकारियों सहित लगभग 600 सदस्य शामिल हुए।

महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने खिलाड़ियो की प्रतिज्ञा शपथ के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। सभी टीमों ने मार्च पास्ट कर खेल भावना की अलख जगाई तथा सभी दर्शकों का मन मोह लिया। प्रथम दिन 10000मी0, 1500मी0, 400मी0, तथा 100मीटर पुरुष एवं महिला दौड़, हैमर थ्रो, लॉग जंप, पोलवॉल्ट, ट्रिपल जंप, शॉटपुट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस चैंपियनशिप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगताओं में प्रतिभाग कर चुके खिलाड़ी भी शामिल हो रहे हैं वे चैंपियनशिप का मुख्य आकर्षक रहेंगे, पद्मश्री एवं अर्जुन आवाड़ी सुश्री सुधा सिंह इनकी मार्गदर्शक एवं प्रेरणा श्रोत रहेंगी। इसमें पुरूष खिलाड़ियों की कुल 24 एवं महिला खिलाड़ियों की 24 प्रतियोगिताएँ सहित कुल 48 प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। इससे आरेडिका और आस पास के खिलाड़ियों में खेलों के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार एवं खेलों के प्रति आकर्षण बढेगा, और खेलों के संबंध में गहन समझ का विकास होगा। ओलम्पिक जैसे खेलों में रेलवे के खिलाड़ियों के द्वारा विजय पताका फहरा कर देश को गौरवान्वित किया है इसलिए इन खेलों का महत्व और भी बढ़ जाता है।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष संजय कुमार कटियार ने बताया कि आगुन्तक खिलाड़ियों उनके कोचों, टेक्नीकल ऑफिशियल और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा रहने–खाने की उचित व्यवस्था की गयी है। खिलाड़ियों के उचित मार्गदर्शन हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े और एक निष्पक्ष प्रतियोगता का सफल अयोजन हो सके।

09.8.2024

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी